सुविचार
व्यक्ति अपने कर्मो से महान बनता है, ना की अपने जन्म से!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-16 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 24 मई 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## बिना हेलमेट वाले चालान पर क्या लिखा होना चाहिए, ध्यान से पढ़िए- MV Act,1988

यह तो सभी जानते हैं कि टू व्हीलर पर हेलमेट पहनना अनिवार्य है और बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर चालान बनता है। कई लोग गलती करने पर विधिवत चालन बनवाते हैं और फाइन भरते हैं। पुलिस कर्मचारी फाइन जमा करने के बाद उसकी रसीद देता है। क्या कभी आपने पढ़ा है उस पर क्या लिखा होता है और जो लिखा होता है क्या वह सही होता है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 194 (घ) की परिभाषा-** अगर कोई व्यक्ति अधिनियम की धारा 129 का उल्लंघन करता है अर्थात बिना हेलमेट पहने टू व्हीलर (बाइक, स्कूटर, मोपेड या अन्य) चलाता है या पीछे बैठकर सवारी करता है तब ऐसे व्यक्ति पर एक हजार रुपए जुर्माना एवं तीन माह की अवधि तक लाइसेंस जब्त या रद्द किया जा सकता है। पगड़ी धारण करने वाले सिख समुदाय के व्यक्तियों को इस नियम से छूट प्राप्त है। यानी कि हेलमेट के लिए थाना पुलिस या ट्रैफिक पुलिस द्वारा जो चालन बनाया जाता है वह मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 129 के तहत बनाया जाना चाहिए। नागरिकों को दी जाने वाली रसीद पर एक्ट एवं उसकी धारा का उल्लेख स्पष्ट रूप से होना चाहिए। कृपया ध्यान दीजिए, यदि उस कागज पर केवल हेलमेट लिखा है तो काफी संभावना है कि वह फर्जी हो।

## पुलिस द्वारा एनसीआर(NCR) कब लिखी जाती है जानिए सम्पूर्ण जानकारी/legal advice....

भारतीय कानून में अपराध दो प्रकार के होते हैं संज्ञेय एवं असंज्ञेय

संज्ञेय अपराध- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2(1) छ एवं CrPC की धारा 2(ग) में संज्ञेय अपराध के बारे मे बताया गया है कि ऐसे अपराध जो गंभीर प्रवर्ती के होते है और पुलिस बिना वारंट के किसी भी आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है वह संज्ञेय अपराध होते है।

**असंज्ञेय अपराध-** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 2(1)ण एवं CrPC की धारा 2(ठ) में बताया गया है कि ऐसे अपराध जो गंभीर श्रेणी के नहीं है एवं पुलिस बिना वारंट के आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है उसे असंज्ञेय अपराध कहते है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**क्या है Non Congnizable Report (NCR) जानिए-** जब किसी पुलिस अधिकारी के पास कोई व्यक्ति असंज्ञेय अपराध की शिकायत लेकर आता है तब थाने का प्रभारी उस असंज्ञेय अपराध पर तुरंत कार्यवाही नहीं करेगा उस शिकायत को आपने पास रखे एक रजिस्टर में लिख लेगा एवं पीड़ित व्यक्ति की असंज्ञेय अपराध की रिपोर्ट को संबधित मजिस्ट्रेट के पास भेज देगा इसी रिपोर्ट को NCR (Non-Congnizable Riport) कहते हैं।

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 174 एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 155 की परिभाषा:** किसी भी असंज्ञेय अपराध की शिकायत को पुलिस थाना अधिकारी आपने रजिस्टर में पंजी-बध्य करेगा एवं उस रिपोर्ट को मजिस्ट्रेट के पास भेज देगा एवं शिकायतकर्ता को भी संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होने को बोलेगा। किसी भी NCR रिपोर्ट पर पुलिस अधिकारी बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के कोई अन्वेषण, कार्यवाही शुरू नहीं करेगा, मजिस्ट्रेट की आज्ञा के बाद ही पुलिस अधिकारी कोई कार्यवाही कर सकता है। पुलिस अधिकारी के पास अगर कोई शिकायतकर्ता ऐसा आता है जिसका एक अपराध संज्ञेय हो और दूसरा अपराध असंज्ञेय तब पुलिस अधिकारी ऐसे मामले में अन्वेषण एवं कार्यवाही करने की शक्ति रखता है।

# शिमला की रैली में बोली पीएम मोदी

## कांग्रेस के राज में पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में 8 राज्यों की 57 सीटों पर 1 जून को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और पंजाब के चुनाव प्रचार पर हैं। पीएम मोदी ने हिमाचल प्रदेश के शिमला में रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, आपने कांग्रेस का दौर देखा है।

जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी, लेकिन मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया से भीख नहीं मांगेगा, भारत अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा। पीएम मोदी ने कहा, क तरफ मोदी की गारंटी है और दूसरी तरफ कांग्रेस का बर्बादी का



मॉडल। सत्ता पाने के लिए कांग्रेस ने हिमाचल के लोगों से खूब झूठ बोला।इन्होंने कहा कि पहली कैबिनेट में ये होगा, वो होगा। लेकिन पहली कैबिनेट में कुछ भी नहीं हुआ, बल्कि कैबिनेट ही टूट-फूट गई जब बॉर्डर स्टेट में सड़क बनाने की बात आती थी... तो कांग्रेस के हाथ-पांव फूल जाते थे। कांग्रेस डर जाती थी कि अगर सड़क बनाई तो उसी सड़क से दुश्मन भीतर आ जाएगा। ऐसी डरपोक सोच मोदी के मिजाज के साथ मेल नहीं खाती। हिमाचल प्रदेश सीमा से सटा हुआ राज्य है। हिमाचल के लोग एक मजबूत और ताकतवर सरकार का मतलब जानते हैं। मोदी आपके लिए जान की बाजी लगा देगा, लेकिन आप पर कभी संकट नहीं आने देगा।

## *आरक्षण पर कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले पर बोले सीएम साय*

*रायपुर। धर्म आधारित आरक्षण पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है। न्यायालय का फैसला धर्म आधारित वोटबैंक व तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मुंह पर तमाचा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह बात कहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन लगातार संविधान की हत्या की साज़िश कर रहा है। हम सभी जानते हैं कि धर्म आधारित आरक्षण का भारतीय संविधान में कोई स्थान नहीं है। बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का इससे संबंधित एक फ़ैसला आया है जिसमें कोर्ट ने 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए सभी धर्म आधारित ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द कर दिया है। यह देश के ओबीसी, आदिवासी और तमाम पिछड़े समाजों के लिए बड़ा फ़ैसला है।*

## जीवन मृत्यु से जूझ रहा गंभीर कुपोषण का शिकार मनीष आदिवासी

- शरीर में एक ग्राम बचा हे हीमोग्लोबिन
- पोषण पुनर्वास केंद्र के कर्मचारियों ने की रक्त की व्यवस्था

पन्ना जिले में कुपोषण कोई नई बात नहीं है लेकिन जिला मुख्यालय के नजदीक गंभीर कुपोषण चिंता का विषय आवश्यक है क्योंकि महिला बाल विकास द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की तमाम योजनाएं चलाई जाती हैं फिर भी पन्ना शहर के नजदीक भी लोगों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है आज मनोर के नऐपूरा के डेढ़ वर्षीय मनीष आदिवासी को पोषण पुनर्वास केंद्र पन्ना में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया जिसकी स्थिति गंभीर है पोषण पुनर्वास केंद्र के कर्मचारियों ने तत्काल इलाज की व्यवस्था की पोषक प्रशिक्षक रश्मि त्रिपाठी ने तत्काल इलाज और जांच की व्यवस्था कराई, रक्त जांच में पता चलाकि कुपोषित मनीष आदिवासी के शरीर में मात्र एक ग्राम हीमोग्लोबिन बचा है तुरंत रक्त की व्यवस्था कराई और अधिकारियों और डॉक्टरो को जानकारी दी रश्मि त्रिपाठी ने बताया कि डेढ़ वर्षीय मनीष आदिवासी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोषण पुनर्वास केंद्र लेकर आई थी साथ में उसकी मां जयंती आदिवासी है और पिता अल्लू गोड़ मजदूरी करने दिल्ली गया हुआ है सिविल सर्जन डॉ आलोक गुप्ता का कहना है कि अस्पताल कि जो व्यवस्थाएं हैं नियमानुसार प्रदान की जा रही हैं पोषण पुनर्वास केंद्र में खाना और इलाज की व्यवस्था की गई है हमारा प्रयास है शीघ्र मनीष आदिवासी स्वस्थ हो डॉ प्रदीप गुप्ता इस बालक का इलाज कर रहे हैं।






शील धम्म की नींव है, ध्यान धम्म की भीत ।
प्रज्ञा छत है धम्म की, मंगल भवन पुनीत ।।

बुद्ध पूर्णिमा के दिन तथागत जी का जन्म हुआ
आज ही के दिन उनको ज्ञान प्राप्त किया और आज ही उनको परिनिर्वाण प्राप्त हुआ।

हजारों को जीतना आसान है
लेकिन जो खुद पर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है 9तथागत

बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर सभी देशवासियों
को हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ

# नक्सलियों के शव लेकर लौट रहे जवानों पर फायरिंग

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ इलाके में शुक्रवार को भी जवानों और नक?सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है। खबरों के अनुसार इस मुठभेड़ में जवानों ने एक और नक?सली मार गिराया है। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ उस वक?त हुई जब सुरक्षा बल के जवान गुरुवार को अबूझमाड़ इलाके में हुए मुठभेड़ में मारे गए सात नक?सलियों के शव को लेकर कैंप की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक?सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। इस मुठभेड़ में एक नक?सली के मारे जाने की खबर है। नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती पल्लेवाया



हांदावाडा क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें संयुक्त नक्सल गश्त सर्च अभियान पर निकली थी इस दौरान नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवानों और नक?सलियों का आमना-सामना हो गया। नक?सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सात वर्दीधारी नक?सलियों को मार गिराया। शुक्रवार को जब नक?सलियों के शव को लेकर जवान वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों की टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी।

# युवाओ द्वारा चलाया गया पक्षी मित्र अभियान सराहनीय- कमिश्नर





- पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी- श्री बीएस जामोद
- युवाओं ने कमिश्नर को भेंट की तुलसी का पौधा व सकोरा

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस जामोद को युवाओं ने गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सकोरा व तुलसी का पौधा भेंट किया तथा युवाओं ने समर कैंप,पक्षी मित्र अभियान व पर्यावरण संरक्षण विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस जामोद ने कहा कि पक्षी मित्र अभियान व भीषण गर्मी में जल प्रदान करना युवा टीम उमरिया की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घरों में छोटे बच्चे का पालन पोषण कर उसके युवा होने में अपनी पूरी सामर्थ्य क्षमता का योगदान देते है। पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण का कार्य हम सभी मिलकर करते हैं उसी प्रकार हम सभी को पशु पक्षियों के संरक्षण का भी कार्य करना होगा जिससे हमारा पर्यावरण संतुलित रहे। कमिश्नर ने समर कैंप विषय में बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का मानसिक विकास होता है। उनके भीतर उत्साहवर्धन होता है। समर कैंप के आयोजन से छात्रों में चिंतन, कौशल और सृजनात्मकता का विकास होता है। इसी प्रकार अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर हिमांशु तिवारी,खेल एवं युवा कल्याण विभाग पाली ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रेशम श्याम शर्मा,खुशी सेन, छवि रौतेला, अंकित गौतम, श्रीराम तिवारी, सत्यम सेन, दीक्षा शर्मा, सुभद्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुष्पराजगढ़ के करन पठार में 17 हजार मूल्य की मदिरा जप्त

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)



अनूपपुर - जिला आबकारी अधिकारी सुश्री सावित्री भगत ने जानकारी दी है कि आबकारी वृत राजेंद्रग्राम अंतर्गत अवैध शराब के संग्रहण की सूचना मिलने पर करन पठार में दबिश की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर वार्ड न.3 करन पठार में कृष्णा नायक के मकान की सघन तलाशी लेकर कब्जे से 40 पाव प्लेन मदिरा एवम 15 पाव ब्लूचिप तथा थानेदार विश्व कर्मा के होटल से 48 नग केन बीयर एवम 45 पाव गोवा मदिरा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि कुल 42 बल्क लीटर मदिरा बरामद कर आरोपियो के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) %क% के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 17000/- रुपये हैं।कार्रवाई दौरान आबकारी उपनिरीक्षक कृष्णकांत उईके, सुधीर मिश्रा आबकारी मुख्य आरक्षक सहजू सिंह परस्ते आरक्षक अरविन्द द्विवेदी, मेहबूब खान, विक्रांत नामदेव एवं रितुराज सिंह उपस्थित रहे। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री सावित्री भगत द्वारा बताया गया कि अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रभावी उपाय करें सुनिश्चित- कलेक्टर

## जिले में ऑटो का किराया करें निर्धारित, ऑटो में चस्पा हो रेट लिस्ट- कलेक्टर

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित



कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

अनूपपुर - कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नियंत्रित गति के साथ वाहन चलाने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाए। लोगों का अमूल्य जीवन बचाने के लिए जो भी सुरक्षात्मक उपाय हैं, वह सभी जिम्मेदार अधिकारी करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिले में कई बार शिकायत प्राप्त होती है, कि ऑटो संचालकों के द्वारा किराया ज्यादा लिया जा रहा है। उनके ऑटो में ना रेट लिस्ट होता है, ना ही ऑटो संचालक सवारियों को रेट की जानकारी देते हैं, वे सवारी से मनचाहा पैसा वसूल करते हैं। उन्होंने कहा कि ऑटो संचालकों की बैठक आयोजित कर दूरी के हिसाब से रेट निर्धारित कर सभी ऑटो में रेट सूची चस्पा कराएं। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में सोमवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पांडेय, अनविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा श्री अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ श्री सुधाकर सिंह बघेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनूपपुर श्रीमती शिवांगी सिंह बघेल सहित पुलिस एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा तय कर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सड़कों का सुधार कार्य किया जाए। ब्लैक स्पॉट के कारण दुर्घटनाएं नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों से संबंधित विभाग तालमेल बनाकर कार्य करें। रोड इंजीनियरिंग के कार्य ठीक ढंग से किए जाएं। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर ब्रेकर, हाई मास्ट, साइन बोर्ड, रोड मार्किंग, सांकेतिक बोर्ड सहित अन्य सुरक्षात्मक व्यवस्थाएं करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। अभियान के तहत सख्ती से कार्य करें। लोगों की जिंदगी बचाना बेहद जरुरी है। लोग हेलमेट लगाएं एवं वाहन चलाने के नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन देखने या बात करने से भी दुर्घटनाएँ होती हैं। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने सख्ती से प्रयास किए जाये। उन्होंने कहा कि लोगों की वाहन चलाते समय असावधानी रखने की गलत आदतें बदलने के लिए सजगता से कार्य करें। बैठक में कलेक्टर को यातायात प्रभारी ने बताया कि जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण भी यातायात प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि कई बार देखने में आया है कि नगरों में यातायात के कारण एम्बुलेंस सेवा बाधित हुई है। जिस पर कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारियो को अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नगरीय क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत, सड़कों पर स्पीड ब्रेक, अनूपपुर स्मार्ट सिटी रोड पर ब्रेकर, सांकेतिक बोर्ड इत्यादि लगवाने के निर्देश दिए।

# 69 वी मप्र राज्य पुरुष एवम् महिला वालीबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अनूपपुर की पुरूष वर्ग की टीम ने पहले मैच में भोपाल कारपोरेशन को हराकर किया जीत का आगाज

**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**



अनूपपुर। मुरैना के अंबाह में 22 से 26 मई तक पांच दिवसीय मप्र राज्य स्तरीय 69 वीं पुरुष एवम् महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे म प्र की महिला व पुरुष की 80 टीमें भाग ले रही है, जिसमें अनूपपुर की पुरुष एवम् महिला टीमें भी भाग ले रहीं हैं,अनूपपुर की महिला व पुरुष टीम 21मई को जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा उत्कल एक्स से मुरैना के लिये रवाना किया, सभी खिलाड़ियों से मिले और अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिये कहा, दिनांक 22 मई को मुरैना के अंबाह मे पहला मैच अनूपपुर जिला और भोपाल कार्पोरेशन के बीच खेला गया जिसमें अनूपपुर जिले की टीम ने 27.25 व 26.24 रोचक मुकाबले मे भोपाल कार्पोरेशन को हरा कर जीता । टीम के साथ संघ के सहसचिव हरिशंकर यादव स्टेट रैफरी जितेन्द्र पनिका व श्रीमती रानी पनिका के द्वारा सही तरीके से मागदर्शन दिया जा रहा है । इस जीत पर जिला वॉलीवाल के संरक्षक लक्ष्मण राव, अरुण कुमार सिंह, आशीष त्रिपाठी, पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह, रामखेलावन राठौर उपाध्यक्ष अमित शुक्ला,विनोद विंधेश्वरी पाण्डेय,सोमनाथ प्रचेता ,विनोद सोनी ,रमेश तिवारी सचिव रामचन्द्र यादव कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव सह कोषाध्यक्ष उमेश राय, सह सचिव दिनेश कुमार सिह चंदेल, मिथलेश सिंह नेताम ,श्रीमती सुमिता शर्मा ,हरिशंकर यादव स्टेट रैफरी अतुल कुमार यादव ने टीम के इस जीत पर बधाई प्रेषित किया है।

# संयुक्त कार्यवाही में एमपी नगर में बिना अनुमति संचालित रेस्टोरेंट किया गया सील

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

एमपी नगर, जोन-1 स्थित एटमॉस्फियर रेस्टोरेंट को राजस्व, खाद्य सुरक्षा और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही के दौरान सील किया गया ।बिना खाद्य अनुज्ञप्ति प्राप्त किए रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा था । मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के प्रावधानों का लगातार उल्लंघन पाये जाने पर भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार रेस्टोरेंट की खाद्य अनुज्ञप्ति निरस्त की गई थी । एटमॉस्फियर रेस्टोरेंट बिना अनुज्ञप्ति पुनः संचालित होने की सूचना प्राप्त होने पर संयुक्त दल के द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें रेस्टोरेंट में खाद्य कारोबार का संचालन होना पाया गया जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 31 की अवहेलना है। निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा रेस्टोरेंट को सील कर दिया गया। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार एमपी नगर तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे ।





# तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार युवकों को मारी ठोकर, घटनास्थल पर एक की मौत, दो गंभीर, नहीं मिला मौके पर शव वाहन पुलिस ने दिखाई मानवता

**संवाददाता -राजू राय**



शहडोल। जैतपुर थाना क्षेत्र के कमता गांव के कुनुक नदी पुल के पास में एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार युवकों को ठोकर मार दी, इस हादसे में स्कूटी चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तो वही इस घटना में दो गंभीर घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की शाम साखी से भाटिया गांव स्कूटी में सवार होकर तीन युवक जा रहे थे तभी पीछे से एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी, जिसमें स्कूटी चालक गोलू बैगा की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं स्कूटी में सवार दो अन्य युवक गंभीर घायल हुए हैं। थाना प्रभारी ने यह भी बताया की स्कूटी में तीन युवक सवार थे जिसमे एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, तो वहीं घटना की जानकारी स्थानी लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई थी जानकारी लगने के बाद पुलिस की डायल हंड्रेड के साथ-साथ 108 एंबुलेंस की घटना स्थल पहुंची और गंभीर घायल दोनों युवकों को एंबुलेंस के सहारे अस्पताल लाया गया। जैतपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने दोनों घायल युवकों को मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर कर दिया है। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है ,मृतक गोलू के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही की और शव पीएम के लिए अस्पताल लाया गया है। वहीं परिजनों के आने का पुलिस इंतजार कर रही है पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है, अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाएगा।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस स्वास्थ्य संस्थानों मे जांच, परामर्श एवं जागरूकता शिविर आयोजित हुए ब्लड प्रेशर के 26 नए मरीज मिले

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**








विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय सहित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच, परामर्श एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में 9212 लोगों की रक्तचाप की जांच हुई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में आयोजित शिविर में 132 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से ब्लड प्रेशर के 26 नए मरीज मिले है। इनमें से दो मरीज 30 वर्ष से कम उम्र के मिले हैं। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित शिविर में 265 लोगों की जांच की गई जिनमें से 67 लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। सभी को ब्लड प्रेशर नियमित जांच, फॉलोअप, खान पान और लाइफ स्टाइल में सुधार की सलाह दी गई। शिविरों में उच्च रक्तचाप के लक्षणों की पहचान,उच्च रक्तचाप नियंत्रण एवं बचाव की जानकारी भी दी गई।भोपाल के 14 श्रमिक पीठों पर आयोजित किए जा रहे विशेष शिविरों में 1819 श्रमिकों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इस वर्ष यह दिवस "Measure Your Blood Pressure Accurately, Control it, Live Longer" की थीम पर मनाया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने हेतु दैनिक क्रियाकलापों , भोजन, व्यायाम, तनाव प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पौष्टिक एवं लो कोलेस्ट्रॉल व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर माने जाने वाली बीमारी है। यह बीमारी युवाओं में भी देखने को मिल रही है। इसका प्रमुख कारण अनियमित जीवनशैली, शारीरिक श्रम का अभाव, तनाव सिगरेट , बीड़ी, तंबाकू , शराब का उपयोग करना है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह , मोटापा, उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों में ह्रदय रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है। उच्च रक्तचाप के उपचार के लिए शासन द्वारा सभी दवाइयां निशुल्क उपलब्ध हैं। यह दवाइयां जिला चिकित्सालय से लेकर हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों पर चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार दी जाती है। असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में ब्लड प्रेशर व मधुमेह की निःशुल्क जांच की जाती है। आहार एवं जीवन शैली को नियमित करने के साथ ही नियमित रूप से ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच करवाना हर व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है। ह्रदय रोग संबंधी बीमारियां युवा वर्ग में भी दिखाई दे रही है, इसलिए 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को भी रक्तचाप की नियमित रूप से जांच करवाना जरूरी है। भोपाल जिले में संचालित आईएचसीआई कार्यक्रम अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की ब्लड प्रेशर की जांच सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क की जाती है।

# शासकीय विधि महाविद्यालय मे साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया

**नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय द्वारा दिनांक 17. 5.2024 को साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया । राष्ट्रीय वेबीनार में साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया , जिसमें प्रमुख रूप से डेटा संरक्षण कानून, साइबर सुरक्षा कानून , साइबर आतंकवाद , साइबर क्राइम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , साइबर फॉरेंसिक एवं डिजिटल साक्ष्य विषय रहे




।साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून विषय पर आयोजित वेबीनार में डॉक्टर संगीता राय मैत्रा, प्राध्यापक, गवर्नमेंट सेंटर आफ लीगल एजुकेशन, हुगली मोहसिन कॉलेज, पश्चिम बंगाल; डॉ विवेक दीक्षित, प्राध्यापक, आईआईटी खडगपुर द्वारा अपने वक्तव्य दिए गए । डॉ संगीता राय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने चैट जीपीटी , एलेक्सा जैसे अन्य रोमांचक और वर्तमान परिपेक्ष में उपयोगी एवं महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। विशेष वक्ता के रूप में डॉक्टर विवेक दीक्षित प्राध्यापक आईआईटी खड़कपुर ने साइबर सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं का विश्लेषण सरलीकृत कर किया। साइबर सुरक्षा के लिए किस प्रकार सॉफ्टवेयर की अनिवार्यता जो साइबर अटैक जैसे खतरों को बचा सके सुझाव दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर कामिनी जैन, प्राचार्य शासकीय अग्रणी गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदा पुरम मौजूद रही । उन्होंने साइबर सुरक्षा एवं साइबर कानून जैसे महत्वपूर्ण विषय पर वेबीनार के आयोजन हेतु आयोजको को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ कल्पना भारद्वाज , प्राचार्य शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम ने की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर अभिषेक सिंह, सह- समन्वय श्री शिवाकांत मौर्य, सचिव श्री राजदीप सिंह भदोरिया रहे। राष्ट्रीय वेबीनार में प्रदेश एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 150 से भी अधिक सहभागियों ने सहभागिता की।

# भोपाल जिला पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2024




मध्य प्रदेश भोपाल शहर में पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस का आयोजन रखा गया था जो की स्थान मानस भवन में हुआ था जिसमें मध्य प्रदेश के कहीं पावरलिफ्टर आए हुए थे एवं भोपाल शहर के कई खिलाड़ी आए थे एवं सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें महिलाएं लड़कियां पुरुष सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं सभी को योग्यता अनुसार पुरस्कृत किया गया जिसमें फर्स्ट प्राइज अशोक अहिरवार जी को मिला एवं सेकंड प्राइस रंजीत पंथी जी को मिला।

# बैंक कर्मचारी बनकर प्रलोभन दिखाकर क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर ठगी करने वालों को सायबर क्राईम ने भेजा सलाखो के पीछे

भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन




विभिन्न बैंकों का क्रेडिट कार्ड बनाकर देने के बहाने फर्जी लिंक भेजकर बैंक खाते से कुल 60180 रू.राशि निकाल कर धोखाधडी की गई।जांच पर आए तथ्यो के आधार पर थाना क्राईम ब्रांच मे अपराध क्र. 68/24 धाराङ्क 419,420 भादवि का कायम किया गया। जिसको गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही प्रारंभ की गई। आरोपीयो द्वारा विभिन्न बैंक आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताकर लोगो को धोखाधडी पूर्वक फ्री मे क्रेडिट कार्ड बनाने का प्रलोभन देकर लिंक भेजते थे। लिंक मे जानकारी भरवाकर लोगो के खाते से धोखाधडी पूर्वक ठगी करते थे। पैसे लेने के लिए आरोपीगण खाते एवं कॉलिग करने के लिए मोबाईल न. टेलीग्राम एप से संपर्क कर प्राप्त करते थे। सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मैदानी स्तर पर प्राप्त साक्ष्यो एंव तकनीकी एनालिसिस के आधार पर प्राप्त साक्ष्यों के माध्यम से क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर धोखाधडीपूर्वक ठगी करने बाले चार आरोपीयों को रोहिणी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया एवं अपराध में प्रयुक्त दस मोबाईव फोन , नौ सिमकार्ड एवं बैंक पासबुक को जप्त किया गया। आरोपी पिछले चार महीने से कर रहे है ठगी आरोपीयों से अब तक धोखाधडी करके बीस लाख रू. के ट्रांजेक्शन की जानकारी प्राप्त हुई है।सायबर काईम संबंधित घटना घटित होने की सूचना भोपाल सायबर क्राइम के हेल्पलाइन नम्बर 9479990636 अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर सूचित करें ।

# क्राइम ब्रांच भोपाल की आईपीएल सट्टे पर बड़ी कार्यवाही नौं सटोरियो को धर दबोचा मोबाइल से जप्त हुआ लाखों का हिसाब

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

शहर में चल रहे अवैध सट्टे की क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि डी- 645 न्यू मिनाल अयोध्या नगर मे आईपीएल मे होने वाले मैच मुम्बई व लखनऊ पर कुछ लोग आनलाईन सट्टा लगा रहे हैं । सूचना विश्वनीय होने पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। सूचना पर कार्यवाही करने हेतु आदेश पाकर पुलिस बल बताये स्थान डी- 645 न्यू मिनाल अयोध्या नगर पहुँचा । वहाँ पहुचने पर मकान के अंदर कुछ लडके मोबाईल पर आईपीएल मैच पर आनलाईन सट्टा खिला रहे थे । रूम का दरवाजा खुलवाया गया तो वहाँ पर कुल 9 लडके अपने अपने हाथ मे मोबाईल फोन लिये थे जिन पर मैच चल रहा था। मोबाइल पर ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा आईडी में रूपये पैसे का दाव लगाते दिखे पूछताछ करने पर उन्होंने बताया वे उत्तर प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों के रहने वाले हैं । संदेहियो के आनलाईन सट्टा चल रहे मोबाईल फोन को चैक करने पर तय हो गया कि ऑनलाइन सट्टे की आईडी चल रही तथा एक रजिस्टर पर आनलाईन सट्टा का हिसाब किताब लिखा जा रहा था। आरोपीयों से



मोबाइल में मिले ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा आईडी के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपीयों द्वारा आईडी पर रूपये पैसो का दाव लगाकर सट्टा खेलना स्वीकारा जिसके संबंध में वैध दस्तावेज़ उनके पास नहीं थे। आरोपीयों का अपराध धारा 3/4 सट्टा अधिनियम के तहत दण्डनीय पाया जाने पर आरोपीयों के पास से ऑनलाईन सट्टा में प्रयुक्त कुल 17 मोबाइल फोन,तीन रजिस्टर पेन मोबाइल चार्जर,व एक वाईफाई मोडेम जप्त किया गया तथा आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । लेन देन के आधार पर अन्य आरोपीयों की तलाश की जा रही है।

# आवास और कार्यालय पर पगड़ी बंधवाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया





**रामलाल रेगर**

समाजहित एक्सप्रेस के वरिष्ठ पत्रकार व संपादक रघुबीर सिंह गाड़ेगाँवलिया का जन्मदिन दिल्ली युवा जागृति मंच सहित समाजसेवीयों एव सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सोमवार को उनके आवास और कार्यालय पर पगड़ी बंधवाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया, उसके बाद पुष्प वर्षा कर केक कटवाकर एक दूसरे को केक खिलाकर खुशी का इजहार किया. वहां मौजूद लोगों ने जन्मदिन की बधाइयां देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की. इतिहास गवाह है कि कलम की ताकत हमेशा से ही तलवार से अधिक रही है. ऐसे कई पत्रकारो के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने कलम से सत्ता की राह बदली. जिन्होंने अपनी कलम की ताकत से अंग्रेजी सरकार की नींव हिला दी थी. सोमवार को अपनी लेखन प्रतिभा से ध्यान आकृष्ट करने वाले कलमकार रघुबीर सिंह गाड़ेगाँवलिया का जन्मदिन सुबह से ही उनके परिजनों व शुभचिंतको ने मिठाई,केक खिलाकर मनाते रहे. इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों द्वारा फोन,व्हाट्सएप, फ़ेसबुक, ट्विटर ,इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई. दिल्ली युवा जागृति मंच अध्यक्ष सुरेन्द्र बहल ने संपादक रघुबीर सिंह गाड़ेगाँवलिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य भूमिका निभाने के साथ ये एक समाजसेवी भी है. पत्रकार समाज का दर्पण होता है, वरिष्ठ पत्रकार गाड़ेगाँवलिया द्वारा कई राजनैतिक, सामाजिक एवं जनहित के मुद्दे उठाये गये हैं, जो हमेशा उनकी उपलब्धि कही जा सकती है. समाजहित की खबरों के माध्यम से इनका मार्गदर्शन एक कार्यकर्ता से लेकर वरिष्ठ नेताओं तक को समय समय पर मिलता रहता है. हम ईश्वर से इनके दीर्घायु एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते है कि ये हमेशा निरोगी रहें और सदेव हमारा मार्गदर्शन करते रहे. इस दौरान दिल्ली युवा जागृति मंच के सलाहकार मंगल मल्होत्रा जी, अध्यक्ष भाई सुरेन्द्र बहल, महासचिव प्रेम सोलंकी जी, सचिव किशनलाल बागोरिया जी, सदस्य राकेश खिंच्ची जी, एडवोकेट तरुण नागर जी व मोनू धवन आदि मौजूद रहे. दिल्ली युवा जागृति मंच सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों द्वारा व्यक्तिगत तथा फोन, व्हाट्सएप, फ़ेसबुक, ट्विटर ,इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुए अपार स्नेह, प्यार और आशीर्वाद से अभीभूत होकर वरिष्ठ पत्रकार व संपादक रघुबीर सिंह गाड़ेगाँवलिया द्वारा सभी लोगों को प्रणाम् सहित हार्दिक धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया. इस मौके पर दिल्ली युवा जागृति मंच की ओर से घोषणा की गई कि सामाजिक कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक युवाओं के प्रेरणा स्तोत्र एवं समाजहित एक्सप्रेस पोर्टल न्यूज के प्रधान सम्पादक आदरणीय श्री रघुबीर सिंह गाड़ेगावलिया जी के जन्मदिन के अवसर पर रविवार 26 मई को पार्क में पौधारोपण किया जाएगा. इसी क्रम में झालावाड़ से समाज हित एक्सप्रेस के संवाददाता रामलाल रेगर द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ शुभकामनाएं दी।

## आखिर क्यों ?

छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज ही शोषण, अत्याचार का शिकार क्यों हो रहा है ? अनुसूचित जाति में और भी सेकंडों जातियां आते हैं किंतु सतनामी समाज ही निशाने पर क्यों है ? सतनामी समाज के तमाम कर्मचारियों, अधिकारियों, नेताओं, मंत्रियों एवं समाज के बुद्धिजीवियों को इस षड्यंत्र के विषय में गंभीरता से विचार विमर्श सोचना चाहिए । आखिर छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज ही निशाने पर क्यों है ??

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

## भेंट - मुलाकात







मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से प्रकाशित होने वाली बहुचर्चित साप्ताहिक अखबार (युवा प्रदेश) के संपादक मित्र नागेश नरवरिया आज मेरे निवास पर आए उनसे मिलकर वर्षों के वैचारिक मित्रता में और प्रगाढ़ता आ गई। छत्तीसगढ़ से प्रकाशित होने वाली बहुचर्चित मासिक पत्रिका (सतनाम संदेश) साथ ही सतनाम पुनर्जागरण पर आधारित ऐतिहासिक साहित्य (गुरु बालकदास शहादत दिवस और मानवाधिकार स्वाभिमान दिवस) साहित्य उन्हें भेट किया । मित्र नागेश नरवरिया जी तीन वर्षों से अपने बहुचर्चित साप्ताहिक अखबार युवा प्रदेश में मेरी रचनाओं का निरंतर प्रकाशन कर रहे हैं प्रकृति उन्हें दिन दुनी रात चौगुनी तरक्की प्रदान करें ।

**हरीश पांडल विचार क्रांति**
**बिलासपुर छत्तीसगढ़**

# वीर मनीराम अहिरवार ने देश की आजादी के लिये संघर्ष कर गोंडवाना महल बचाने अंग्रेजों से लोहा लेकर विजय प्राप्त के बाद वह सम्मान से वंचित क्यों?

**लेखक - मूलचन्द मेधोनिया पौता (शहीद मनीराम जी) चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मोबाइल 8878054839**





रविदास कौम संपूर्ण देश में अपनी गौरवशाली इतिहास के रुप जानी जाती है. जो की गांव, कस्बे, शहरों और तो और जंगल में भी निवास कर अपनी अनूठी बहादुर कौम का परिचय देती है. जिसमें अनेकों शूरवीरों ने जन्म लेकर अपनी मात्रभूमि के लिए आगे आकर कुरबानी दी है. ऐसे ही महान क्रांतिकारी वीर मनीराम जी की संघर्ष गाथा है. जो की मध्यप्रदेश के जिला नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा के नगर चीचली गोंड राजा श्री शंकर प्रताप सिंह जू देव के यहां पर सेवादार थे. शूरवीर मनीराम अहिरवार ये अखाड़े, कुश्ती और निशानेबाज की कला में पारंगत होकर अपने गोंड राजमहल की आंतरिक व बाहरी सुरक्षा कबच बनकर हर समय ईमानदारी, निष्ठा से महल की रक्षा के लिए समर्पित थे. महात्मा गाँधी जी के द्वारा अंग्रेजों के विरोध में भारत छोड़ो आंदोलन चलाया जा रहा था. वही दूसरी ओर आजाद हिन्द फौज स्वतंत्रता संग्राम में आ खड़ी हुई तो रविदास समाज के बहादुरों ने चमार रेजिमेंट में आकर अंग्रेजी सेना को देश से भगाने हजारों की संख्या में रविदास कौम के नवयुवकों ने अपने घर द्वार छोड़ दिये. इस राष्ट्रीय आंदोलन से वीर मनीराम अहिरवार जी बहुत ही प्रभावित थे. वह भारतीय फौज में भर्ती होकर देश के लिए बलिदान देना चाहते थे. लेकिन उनके सामने बहुत बड़ी जबाबदारी यह थी की चीचली राज्यगोंड नरेश नाबालिक थे. उन दिनों अंग्रेजी सेना गोंड राजाओं के ऊपर नजर रखते हुए उन्हें अपने कब्जा करने की योजना में लगी थी. अतः वीर मनीराम तो भारतीय सेना में नहीं जा सकें, लेकिन उन्होंने अपने छोटे भाई भगवत उर्फ गून्ऊ जी को देश की फौज में भेजा जो की अंग्रेजी सेना से लडते हुये बलिदान हुये. जिनका किसी भी प्रकार का सुराग नहीं मिला, इस घटना से वीर मनीराम जी बहुत ही दुःखी थे. उन्होंने प्रण किया की जब भी अंग्रेजी सेना से सामना होगा मैं अपने भाई का बदला चून-चून कर लूंगा. गोंड राजा अपने महल की सुरक्षा का दायित्व वीर मनीराम जो की उनके विशवास पात्र थे, उनकों देकर पढाई करने बाहर गये. तभी मौके का फायदा उठाने, गोंड राजमहल को लुटने, अपने अधिनस्थ करने और गोंडी संकृति को नष्ट करने के उद्देश्य से 23 अगस्त सन 1942 को बारिश के समय अलसुबह चीचली गोंड राजमहल की ओर अंग्रेजी सेना आ रही थी. सेना को देखकर मनीराम ने जोर शोर से आवाज दी ताकि गांव के लोग एकत्र हो और राजमहल में जो भी हो वह साबधान हो जाये क्योंकि फौज बंदूकें लेकर हमला करने आ चुकी थी. वीर मनीराम ने सबसे पहले फौज को वापिस जाने का बोला वह नहीं माने और महल के समीप ही आ गये, तब मनीराम जी ने अपने कला दिखाते हुए उन पर पत्थर मारने लगे जिसे निशाना बनाया उन्हीं के सिर से लहूँ बहने लगा, अब अंग्रेजी सेना और मनीराम जी के बीच में भीषण युद्ध होने लगा. इस मौके पर नगर के नवयुवकों की टीम आकर मनीराम का उत्साह बढाने लगीं. मुख्य रूप से महान क्रांतिकारी वीर मंशाराम जसाटी जी, नर्मदा प्रसाद ताम्रकार जी व अन्य बीस/बाईस युवाओं ने अंग्रेजी सेना को भाग जाने का बोला लेकिन वह मानें नही तो वीर सपूत मंशाराम जसाटी जी ने आगे आकर अंग्रेजों व मनीराम के युद्ध में आकर वह भी पथराव करने लगे, अंग्रेजी सेना के द्वारा बंदूक चलाई जाने लगी सबसे पहले उन्होंने आसमानी फायरिंग की ताकि भीड़ भाग जाये और मनीराम का कोई साथ न दे. अंग्रेजों के द्वारा भीड़ में ही गोली चलाने लगे, जो की वीर मंशाराम जसाटी जी के सीने पर लगी और मौके पर ही उनके प्राण न्योछावर हो गये. महान स्वतंत्रता सेनानी वीर मंशाराम जसाटी जी और मनीराम जी पक्के दोस्त थे, जिनकी शहादत से मनीराम का खून गर्म हो गया. जिन्होंने अंग्रेजी सेना को गालियाँ देकर अपना सीना आगे कर अपना कपड़े फाड़कर छाती पर गोली चलाने ललकारा और अपनी कला बाजी दिखाते हुये युध्द मैदान में कर्तव्य करने लगे अंग्रेज हैरत में थे की यह कैसा व्यक्ति है जो न गोली से डरता न ही कोई डर है . उल्टा एक एक के सिरों में पत्थर मार कर घायल करते जा रहा है, अंग्रेजी सेना ने मनीराम जी को लक्ष्य कर पुनः गोली चलाई जो की पास में खड़ी वीरांगना गौरादेवी कतिया जी को लगी और वह भी युद्ध स्थान पर शहीद हुई, दो शहादत पर आक्रोश में आये मनीराम ने सभी सैनिकों को घायल कर गांव से खदेड़ कर विजय हासिल की, गोंड राजमहल की धरोहर के लिए अपने प्राणों की कोई भी परवाह नहीं की महल को लुटने से बचाया, गांव में प्रवेश नहीं होने दिया. वीर मनीराम जी का बेमिसाल संघर्ष की बदौलत ही माँ, बहिनों की रक्षा हुई, जिनके महान क्रांतिकारी आंदोलन को जातिगत भावना के आधार पर दबा दिया गया, उनका नाम जिले की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बजट की पुस्तक में तक नाम अंकित नहीं किया गया, जबकि उन्होंने अंग्रेजी सेना से सीधा मुकाबला कर नगर का नाम व जिसे का नाम रोशन किया. अंग्रेजी सेना ने अपने गुप्तचरों के माध्यम से वीर मनीराम जी को धोका देकर छल कपट से गिरफ्तार किया जो की रिकॉर्ड में न लेकर उनसे गोंड राजमहल की गुप्त जानकारी लेना चाही तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के विशेष रूप से रविदास समाज व गोंडी समाज के बलशाली युवाओं को अंग्रेजी सेना में भर्ती कराने के उद्देश्य से मनीराम जी को पकड़ा गया था. इस काम के लिए उन्हे सेना का सरदार बनाने का भी लालच दिया लेकिन मनीराम जी ने कोई भी लोभ में न आकर समाज व मात्र भूमि के स्वाभिमान के खातिर बलिदान देना मंजूर किया. अंग्रेजी सेना ने उन्हें खूब प्रताड़ित किया, सताया व अत्याचार किया मारते-मरते इंकलाब जिंदाबाद, चीचली गोंड राजा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दम तोड़ दिया, अंग्रेजी सेना ने ऐसे महान क्रांतिकारी का शव तक नहीं दिया और देशद्रोही लोगों के माध्यम से खबर फैलाई की मनीराम हैजा की बीमारी से मारने के कारण उनकी लाश को गुप्त रूप से दफना दी है. नालत है ऐसे अंग्रेजों पर जिन्होंने मेरे बहादुर अमर शहीद दादाजी पर अत्याचार किया . नालत ऐसे देशद्रोहियों पर भी जिन्होंने उनके इतिहास को दबाया ऐसे लोगों के मुंह पर कालिख हो जिन्होंने जातिगत आधार पर भेदभाव कर मध्यप्रदेश के एकमात्र अनुसूचित जाति के अंतर्गत देश की सबसे बड़ी कौम रविदास समाज के महापुरुष के साथ अन्याय कर उन्हें किसी भी प्रकार का सम्मान नही दिया है. मेरी देश की समस्त कौम से,निवेदन है कि अनुसूचित जाति और जनजाति सहित बहुजन समाज में आने वाले सभी छोटे व बड़े सम्मानित नागरिक गण अपने महापुरुष को सम्मान दिलाने हेतु आप सभी अपने-अपने स्तर से आवाज उठा कर समाज व देश लिए जीने मारने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित कीजिये. तथा सरकार तक सम्मान देने की मुहिम चलाईये।

# मोबाइल टावर लगाने के नाम पर सात लाख से अधिक की धोखाधड़ी , हरियाणा से आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डिंडौरी।** मोबाइल टावर लगाकर प्रतिमाह मोटी रकम मिलने का लालच देकर महिला से सात लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को कोतवाली पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले की जानकारी गुरुवार को एसपी वाहनी सिंह ने प्रेसवार्ता मे दी। बताया ग़या कि डिंडौरी निवासी एक महिला की शिकायत पर अज्ञात आरोपित के खिलाफ धारा 420, 34 का मामला दर्ज किया गया था। अज्ञात आरोपित द्वारा समाचार पत्र में विज्ञापन लगाकर जीयो कंपनी का 5 जी मोबाइल टावर लगवाने के नाम पर महिला से सात लाख 69 हज़ार रुपये की धोखाधड़ी की गई थी।



**मोबाइल लोकेशन से पकड़ाया:** मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपित रविन्द्र दलाल पिता धर्मवीर जाट उम्र 29 वर्ष निवासी अशोदा सीवान तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा से गिरफ्तार किया ग़या है, जो मोबाइल टावर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करता था। बताया ग़या कि समाचार पत्र में अपना फर्जी विज्ञापन डाल कर वह बताता है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन पर जिओ कंपनी का 5 जी मोबाइल टावर लगवाता है तो उसे 70 लाख एडवांस और 50,000 रुपये हर महीने दिये जाएंगे। टावर के रखरखाव के लिए दो व्यक्ति को नौकरी दी जाएगी। विज्ञापन देखकर कई लोग इसके लालच में आ जाते, जिसके बाद आरोपित उससे संपर्क कर बातचीत करके उसे बड़े-बड़े सपने दिखाता था।

**मोबाइल, नगदी की गई ज़ब्त :** एसपी ने बताया कि आरोपित अपने मोबाइल से कुछ फर्जी कागजात बनाकर उस व्यक्ति को भेजता था। जब वह व्यक्ति अपनी जमीन पर मोबाइल टावर लगवाने की सहमति प्रदान कर देता है तो उसके बाद आरोपित का खेल शुरू होता था अलग - अलग बात का बहाना बनाकर उस व्यक्ति से पैसे ऐंठता था। आरोपित के कब्जे से वारदात में प्रयोग चार मोबाइल फोन, सात सिम, एक स्मार्ट वाच, तीन एटीएम कार्ड व 50000 रुपए नगद बरामद किए गए।आरोपित के ऐयू स्मार्ट बैंक में जमा राशि पर होल्ड लगवा दिया गया है। आरोपित से पूछतांछ कर अन्य ठगी के मामले की जानकारी ली जा रही है। कार्रवाई करने वालीं टीम में एसआई अनुराग जामदार, केएन सिंह, एएसआई सिराज, अखलेश श्रीवास, आरक्षक विनोद माहोर, सायबर सेल मुकेश प्रधान शामिल रहे।

# मथुरा संग्रहालय में आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस।

मथुरा संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा के प्रमुख दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । संग्रहालय दिवस के अवसर पर मथुरा संग्रहालय में एक प्रदर्शनी ÷शिक्षा एवम अनुसंधान के केंद्र संग्रहालय÷का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में भारत के सभी प्रमुख संग्रहालयों के बारे मे विवरण एवं चित्र प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज डॉअनिल वाजपेई ने किया।

का शिक्षा में महत्व एवं योगदान और दूसरा हेलो ठीक है ब इस अवसर पर बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ गिरिराज शर्मा जी ने विश्व के विभिन्न संग्रहालय और उनके महत्व के बारे में साथ ही मथुरा संग्रहालय की स्थापना एवं मथुरा के जैन संग्रहालय की विशेषताओं के बारे में उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनिल वाजपेई ने श्रोताओं को विश्व के प्रमुख संग्रहालयों के बारे में एवम मथुरा म्यूजियम के बारे मेंबताते हुए कहा कि मथुरा म्यूजियम में मथुरा से ही प्राप्त पचास हजार से अधिक मूर्तियां,सिक्के और कलाकृतियां है, और यह सभी भग्नावशेष मथुरा से ही प्राप्त हुए हैं। कहीं बाहर से कोई भी कलाकृति नहीं लाई गई।यही कारण है कि मथुरा म्यूजियम को इस दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा म्यूजियम माना जाता है । मथुरा संग्रहालय के




संग्रहालय अध्यक्ष श्री योगेश यादव जी ने अपने व्याख्यान में मथुरा संग्रहालय में विभिन्न अवसरों पर हो रही हो आयोजित हो रही गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने संग्रहालय के लिए आगामी योजनाओं के बारे में भी श्रोताओं को बताया। इस अवसर पर संग्रहालय अध्यक्ष योगेश यादव जी, डॉ अनिल वाजपेई ,डा गिर्राज शर्मा ,डा मांडवी राठौर एवम श्री राशुल संस्कृतयान ने राजकीय जैन संग्रहालय मथुरा पर एक ब्रोशर का भी विमोचन किया। सभी उपस्थित श्रोताओं को यह ब्रोशर वितरित किया गया। संग्रहालय का शिक्षा में महत्व के बारे में अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की इतिहास विभाग की प्रवक्ता डॉ मांडवी राठौर ने एवम श्री ललित संस्कृतयान ने अपने विचार व्यक्त किए। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की अनेक शोधार्थी छात्राएं इस अवसर पर बड़ी संख्या में वहां उपस्थित थी और उन्होंने बहुत सारे प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं द्वारा इतिहास संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन श्री मनीष कुमार ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में प्रीती साहनी,शैलेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

# रूढ़िवादी प्रथाओं को खत्म कर प्रेरणा की स्रोत बनी स्वर्गीय सविता नरवरिया जी।।

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। आज एक ओर जहां समाज और देश में विभिन्न प्रकार की रूढ़ीवादी कुप्रथाओं को जन्म देने और बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर नगर उदयपुरा के पर समाजसेवी श्री बालकृष्ण नरवरिया जी की धर्मपत्नी का आज ही के दिन 24 मैं 2021 को देहांत हो गया था जिसके चलते उनके पति श्री बालकृष्ण नरवरिया ने सभी प्रकार की कुप्रथाओं को समाप्त कर 6 माह बाद संविधान दिवस के उपलक्ष में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की विशाल प्रतिमा का अनावरण खुद के खर्चे से किया यह उनकी पत्नी की स्मृति में किया समाज के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक बनकर उभरे श्री बालकृष्ण नरवरिया जी की धर्मपत्नी श्रीमती सविता नरवरिया जी ( दीदी) का आज के ही दिन निधन हो गया था, उन्होंने अपनी धर्मपत्नी की रसोई ना करते हुए समाज को एक अच्छी दिशा देने काम किया....।।।।।।।। समाज ने दीदी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं श्री बालकृष्ण नरवरिया जी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं कि उन्होंने समाज में फैली रसोई बंद किया।




**रमन वामने**
**वरिष्ठ समाजसेवी उदयपुरा**

# दिव्यांग युवक को नही मिला किसी भी सरकार का सहयोग पत्नी और मां का फूटा दर्द

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

देवरी। मामला तहसील देवरी के ग्राम पंचायत इटुआ का है एक दिव्यांग पति का सहारा बनी कलयुगी पत्नी ,शादी के 15 दिन बाद पति के साथ घटी घटना ने उसे जीवन भर के लिए विस्तर पकड़ा दिया । लेकिन पत्नी ने हिम्मत नही हारी और पति के लिए सावित्री और सती अनुसुइया से कम नही है यह कलयुगी नारी जहाँ बिजली विभाग मजदूरी का काम करने बाला व्यक्ति की जिंदगी विस्तर पर आकर सिमट गई है । उसकी पत्नी और परिवार उसका सहारा बना हुआ है । दिव्यांग को न तो शिवराज सरकार में कोई लाभ मिला और न ही मोहन सरकार में लाभ की उम्मीद है।अरविंद कुमार धानक जिसकी उम्र 24 वर्ष थी उस समय बिजली विभाग में ?400 दिन में तिहाड़ी मजदूरी पर काम करता था। वह 2017 से वह इस विभाग में काम किया करता था बही 2019 में वह बिजली विभाग में बिजली ठीक कर रहा था इस दौरान वह खंबे से गिर गया जिससे उसकी रीड की हड्डी टूट गई और कमर के नीचे का हिस्सा पूरा शून्य हो गया। उस समय काम कर रहे एक साथी मजदूर की मौके पर मौत हो गई। जिसकी भरपाई ना ही बिजली विभाग के ठेकेदार चंद्रभान खूते नही की है और ना ही सरकार ने वो और उसके परिवार वाले न्याय की गुहार लगाते रहे । उनको न न्याय मिला और ना ही किसी भी प्रकार का मुआवजा उसके घर वालो को मिला । उसकी घटना के नई नवेली पत्नी मजदूरी करके अपने पति धर्म का पालन कर गुजर बसर कर रही है । न तो पंचायत से कोई लाभ मिला है और नही सरकार से । कच्चे मकान झोपड़ी में रहकर उम्मीद लगाए बैठा है।



पीड़ित अरविंद धानक

# पेड़ की चपेट मे आने से गंभीर रूप से घायल एएसआई की इलाज के दौरान जबलपुर में मौत





**डिंडौरी।** जिले के गाड़ासरई में रविवार की शाम तेज आंधी, तूफान और वर्षा ने जमकर कहर बरपाया था। इस दौरान चपेट में आए कई पेड़ धराशायी हो गए थे। कुछ पेड़ो की चपेट में चार पहिया वाहन आ गए, जिससे अमरकंटक मार्ग कुछ घंटों के लिए जाम लग गया था। जाम खुलवाने के लिए गाड़ासरई थाना पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। ड्यूटी में तैनात एएसआई संतोष सिंह बनाफर 50 वर्ष भी जाम हटवाने के लिए पेड़ो को सड़क से अलग करवा रहे थे। उसी दौरान पेड़ का एक हिस्सा उनके सिर पर सीधा जा गिरा, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। घायल अवस्था में सहयोगी पुलिस कर्मियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायल एएसआई संतोष सिंह को रात मे ही जबलपुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान एएसआई संतोष सिंह ने दम तोड दिया। निधन की ख़बर सुनते ही डिंडोरी जिला पुलिस बल में शोक की लहर व्याप्त है। जानकारी के अनुसार गाड़ासरई में पदस्थ मिलनसार एएसआई संतोष सिंह वर्ष 2021 में डिंडोरी जिले में पदस्थ हुए थे। वे मूल रूप अनूपपुर जिला के चचाई थाना क्षेत्र के निवासी थे।


## अहिरवार समाज संघ म प्र

### आदेश

अहिरवार समाज संघ म प्र के समस्त पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि आगामी आयोजन करने के लिए इस माह के अंतिम रविवार को प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक रखी जाना सुनिश्चित किया है। क्यों कि आयोजन करने के लिए चर्चा करना तारीख तय करना है और अनुशासित जो नहीं है निष्क्रिय पदाधिकारियों के विषय में आप सब से चर्चा करना है। अतः समस्त प्रदेश पदाधिकारियों को इस बैठक में अनिवार्य रूप से रविवार 26/5/2024 को उपस्थित होना है।

**स्थान** – गुरु रविदास जिंसी मंदिर जांहगीराबाद भोपाल।

**समय** – दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे मध्य।

आदेश अहिरवार समाज संघ म प्र के संस्थापक चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी द्वारा अनुमोदित।



**प्रदेश अध्यक्ष**
**राजेश अहिरवार**
**अहिरवार समाज संघ म प्र**
**भोपाल**


# प्रश्नों को डिलीट करने का मामला, हाईकोर्ट के आदेश पर विधिक राय लेगा आयोग




**इंदौर।** राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 में पूछे गए दो प्रश्नों को जबलपुर उच्च न्यायालय ने गलत ठहराया है। इस संबंध में आदेश मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) को तीन दिन पहले मिल चुका है। लेकिन आयोग ने बोनस अंक दिए जाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया है। अब आयोग आदेश पर विधिक राय लेने का विचार कर रही है। उसके बाद अधिकारियों की बैठक बुलाकर फैसला लिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में दस दिनों का समय लग सकता है। हालांकि अभी अभ्यर्थियों के सामने असमंजस की स्थिति बनी है। सप्ताह भर पहले जबलपुर उच्च न्यायालय ने 229 पदों के लिए हुई राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 में पूछे गए दो प्रश्नों से जुड़े आयोग के जवाब को सही नहीं पाया, जिसमें एक प्रश्न (प्रेस की स्वतंत्रता) को गलत मानते हुए उसे डिलीट करने के निर्देश दिए। साथ ही एक अन्य प्रश्न (कबड्डी संघ का मुख्यालय) का पीएससी द्वारा दिए गए उत्तर %दिल्ली% को गलत माना। न्यायालय ने इसके उत्तर %जयपुर% को सही करार दिया। अतिरिक्त अंक दिए जाए या नहीं। आयोग के ओएसडी रवींद्र पंचभाई का कहना है कि आदेश की प्रति मिल चुकी है। विधिक राय के बाद आयोग बैठक करेंगा। दोनों प्रश्नों के अभ्यर्थियों को अंक मिलते है तो मेरिट दोबारा बनाना पड़ेगी। ऐसा करने से कई अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए पात्र होंगे। जबकि पीएससी 11 मार्च को मुख्य परीक्षा करवा चुका है और इन दिनों परिणाम देने की तैयारी में जुटा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर मेरिट सूची में बदलाव होगा। फिर जो अभ्यर्थी पात्र हुए है। उनके लिए विशेष परीक्षा करवाना पड़ सकती है।

# भारतीय राजनीति की चाल, चरित्र, वर्तमान परिस्थितियाँ एवं संभावनाएं



**भावना मंगलमूखी**

मई 2024, भावना मंगलमुखी मुंबई से। मैं मेरी बात रखने से पूर्व एक प्रसंग का उल्लेख करना चाहूंगी --

बाबा साहेब खुश होते हुए संसद से बाहर निकले थे तो कांग्रेस के आचार्य कृपलानी उनसे मिले और बोले -- अंबेडकर आज बहुत खुश लग रहे हो ! क्या बात है ?

बाबा साहेब ने कहा -- ÷ पहले राजा रानी के पेट से पैदा होता था लेकिन अब मैंने यह व्यवस्था की है कि अब राजा रानी के पेट से नहीं, मतदान पेटी से पैदा होगा। इसलिए मैं खुश हूं।÷

कृपलानी जी बोले -- तो फिर आपकी खुशी ज्यादा दिन नहीं टिकने वाली है। आपके लोग गरीब हैं, लाचार हैं, बिकाऊ हैं, वे बिक जाएंगे। हम उनसे वोट खरीदकर सरकार बना लेंगे और आप कुछ भी नहीं कर पाएंगे।

बाबा साहेब बोले -- मेरे लोग गरीब है, लाचार है, बिकाऊ है, वे बिक जाएंगे और तुम उनके वोट खरीदकर सरकार बनाओगे। लेकिन जिस दिन मेरे लोग वोट की सही कीमत पहचान लेंगे, उस दिन तुम्हारे जैसा बड़ा भिखारी कोई नहीं होगा।

पहले ये काम सिर्फ़ कांग्रेस करती थी लेकिन आजकल यह काम हर राजनैतिक पार्टी कर रही है।

यहां तक कि बीजेपी तो इससे भी चार कदम आगे बढ़कर ये कहती है कि --

तुम भले हमको वोट मत दो, तुम अपने ही नेता को जिताओ। हम तुम्हारे द्वारा जिताए गए नेताओं को ही खरीद लेंगे। लाखों लोगों को खरीदने से आसान है कि उनके पच्चास - सौ नेताओं को ही खरीद लो। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब पहली बार विकास और अच्छे दिनों के नारे के साथ कालाधन की वापसी, भ्रष्टाचार दूर करना, महंगाई हटाना, पेट्रोल - डीजल की कीमतें कम करना, सिलेंडर सस्ता करना, गरीबों के खाते में 15 - 15 लाख रुपए डालना, प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार और डॉलर के बराबर रूपया जैसे वादे किए गए थे तब मुझे कुछ उम्मीद जगी थी कि देश अब सही दिशा में अग्रसर होगा।

## लेकिन

- कालाधन धारियों को सजा के बजाय उनके नामों का खुलासा तक नहीं किया गया उल्टे स्विस बैंक में रखा कालाधन दुगुना हो गया।
- नोटबंदी के दौरान आम लोगों को परेशान करके विशेष लोगों को लाभ पहुंचाया गया।
- 50त्न एफडीआई का विरोध करने वालों द्वारा 100त्न एफडीआई लागू किया गया।
- विपक्ष में रहते हुए जीएसटी और आधार का विरोध किया और सत्ता में आते ही इन्हें ऐतिहासिक बताकर लागू किया गया।
- सभी विरोधी पार्टियों के भ्रष्टाचारी नेताओं पर भी दबाव बनाकर सत्ताधारी पार्टी में शामिल करवाया गया।
- एक बार गैस सिलेंडर फ्री देकर उसकी सब्सिडी खत्म कर दी गई।
- पेट्रोल - डीजल की कीमतें सौ तक तो रसोई गैस सिलेंडर एक हजार रुपए के पार पहुंच गए।
- कोरोना के कुप्रबंधन से पहली बार गंगा में लाशें तैरी।
- कोरोना के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के बजाय नए संसद भवन और राममंदिर पर पानी की तरह पैसा बहाया और इनके उद्घाटनों में राष्ट्रपति को भी शामिल नहीं किया गया।
- विकास से अब पुनः जाति - धर्म, हिंदू - मुस्लिम और तू -तू, मैं - मैं पर आ गए और विपक्ष मुक्त संसद और विपक्ष मुक्त भारत के नारे लगाने लगे जबकि एक सशक्त लोकतंत्र हेतु पक्ष - विपक्ष दोनों का होना अनिवार्य है।
- प्रत्येक चुनाव पैसे के दम ही पर जीता जाने लगा।
- चुनावों के समय भी सरकारी एजेंसियों यथा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स आदि का दुरुपयोग बढ़ने लगा।
- अपने हक अधिकार के लिए उठाई गई प्रत्येक आवाज का निर्ममता से दमन किया गया।
- किसान आंदोलन और पहलवान आंदोलन को बदनाम करके क्रूरतापूर्वक कुचला गया।
- अग्निवीर योजना और पेपर लीक व भर्ती घोटालों के माध्यम से युवाओं का भविष्य बर्बाद किया गया।
- मणिपुर में दूसरा गोधरा दोहराया गया और उस पर प्रधानमंत्री द्वारा चुप्पी साध ली गई।
- पांच साल पश्चात भी पुलवामा हमले की जांच नहीं हुई।
- कई और अन्य हादसों जैसे उत्तराखंड सुरंग हादसा, मोरबी पूल हादसा, उड़ीसा ट्रेन हादसा, नई संसद में उपद्रव जैसे किसी भी घटना की कोई ठोस जांच नहीं हुई।
- पांच साल में भी एक भी भगोड़े(विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी आदि) को वापस भारत नहीं लाया गया।
- देश के अधिकतम संसाधनों को सिर्फ़ अपने पूंजीपति मित्रों(अडानी -अंबानी) के हवाले किया गया।
- विगत दस वर्षों में देश पर कर्ज 55 लाख करोड़ से बढ़कर 205 लाख करोड़ हो गया।
- विगत वर्षों में कई चुनी हुई विपक्षी सरकारों को गिराया गया और कई विधायकों और सांसदों को भी खरीदा गया।
- चुनाव से ठीक पहले विपक्ष के नेताओं को जेल भेजा गया।
- स्वतंत्र पत्रकारों को देशद्रोह के झूठे मुकदमों में फंसाया गया।
- आज तक का दुनिया का सबसे बड़ा आर्थिक घोटाला इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा दो, धंधा लो की अवैध वसूली की गई। यहां तक कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी मोटा चंदा लिया गया।
- कोरोनाकाल में आपदा में अवसर का फायदा उठाकर पीएम केयर फंड में जनता से चंदा लिया और उसका कोई ब्यौरा देने से इनकार किया गया।
- दुनिया का सबसे बड़ा *सैक्स स्कैंडल प्रज्वल रेवन्ना का मामला सामने आया और वह जर्मनी भाग गया या भगा दिया गया।
- इसलिए अब तो मेरा सत्ताधारी पार्टी से मेरा भरोसा ही उठ गया। आजकल तो किसी पार्टी द्वारा टिकट न मिलते ही नेताओं का दलबदल इस ओर भी संकेत करता है कि उनका कोई सिद्धांत या विचारधारा नहीं होती। उन्हें सिर्फ़ टिकट प्यारा होता है। इससे लगता है मानो दोनों ही अग्रणी पार्टियों यथा बीजेपी - कांग्रेस के नेता आपस में बदल दिए गए हो। अब न तो अटल बिहारी वाजपेई के दौर की भाजपा बची है, न ही 2013 -14 के दौर की कांग्रेस।

इसलिए मैं सभी को एक ही बात कहना चाहती हूं कि पार्टी कभी अच्छी - बुरी नहीं होती बल्कि उनमें लोग अच्छे - बुरे होते हैं। प्रत्येक पार्टी में लगभग 10त्न अच्छे और 90त्न लोग स्वार्थी और भ्रष्टाचारी होते हैं। वे कभी नहीं चाहते कि उनका टिकिट कटे और नए लोगों को मौका मिले। इसलिए मेरा तो यही कहना है कि 10-15 वर्षों से राजनीति कर रहे सभी नेताओं को उखाड़ फेंको और नए नेताओं को मौका दो। भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां किसी का भी राजतंत्र या तानाशाही नहीं चलने चाहिए।

मतदाता का भी कर्तव्य है कि आप अपने क्षेत्र के समस्त प्रत्याशियों की अधिकतम यथासंभव जानकारी जुटाएं। उनका व्यक्तिगत और सामाजिक चरित्र जांचे - परखे। उनके आपराधिक विवरण की भी समीक्षा करे। उनकी पार्टी और उसकी विचारधारा के प्रति निष्ठा का भी मूल्यांकन करे। क्षेत्र के विकास हेतु उनका विजन जाने और फिर अपने विवेक से अपना मतदान करे।

और हां, जो नेता पैसे बांटे, सभी गरीब उनसे पैसे भी ले और वोट किसी नए और ईमानदार व्यक्ति को देकर जिताएं, ताकि वह पैसे वाला नेता पैसा देकर टिकिट लेने और पैसा बांटकर चुनाव जीतने का सपना दोबारा न देख सके। साथ ही बेहिसाब पैसा खर्च करने वाले व्यक्ति को जीताकर भ्रष्टाचार करने का मौका बिलकुल भी न दे।

## अब एक नज़र चुनाव के परिणामों पर --

- चूंकि मैं 2018 के राजस्थान चुनाव से निरंतर प्रत्येक चुनाव में मैं मेरा आंकलन करती रहती हूं और मेरा आंकलन अधिकतम बार बिलकुल सटीक साबित भी हुआ है।
- इस बार मुझे लोकसभा चुनाव की घोषणा से ही एक आशंका थी कि लोकसभा चुनाव 2024 का शेड्यूल चुनाव आयोग द्वारा नहीं बल्कि मोदीजी की आज्ञानुसार पीएमओ से तैयार करके चुनाव आयोग को सौप दिया गया है। चुनाव आयुक्त ने तो सिर्फ़ उसे पढ़कर जनता के समक्ष घोषित किया है। मेरी इस आशंका के कई कारण है -
- चुनाव के प्रथम चरण को रामनवमी के ठीक तीसरे दिन रखा गया।
- प्रथम दो चरणों के मतदान को जुम्मे के दिन रखा गया।
- दक्षिण भारत के तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में जहां बीजेपी का जनाधार न के बराबर है और जीतने की उम्मीद भी नहीं, वहां एक ही चरण में चुनाव घोषित किया गया।
- तमिलनाडु में प्रथम चरण में सभी 39 सीटों पर एक साथ मतदान क्योंकि पहले मोदीजी तमिलनाडु से स्वयं चुनाव लडना चाह रहे थे लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड का मामला सामने आने के पश्चात उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए।
- कर्नाटक में उन्हें उम्मीद थी कि यहां पिछले रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिए थोड़ा जोर लगाना पड़ेगा इसलिए वहां चुनाव दो चरण में रखा गया।
- प्रथम चरण में तमिलनाडु के नुकसान की भरपाई के लिए उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तरी बंगाल जैसे बीजेपी के मजबूत गढ़ को चुना गया।
- बीजेपी के गढ़ गुजरात को भी एक चरण में रखा गया।
- चुनौती वाले राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल को छठे - सातवें चरणों में रखा गया।
- पूर्वोत्तर के साथ कुछ मुश्किल सीटों को शुरुआती चरणों में इसलिए रखा गया ताकि परिणाम घोषणा के बीच लंबे अंतराल में ईवीएम में मतों की हेराफेरी की जा सके।
- जहां कुछ प्रयास करके बीजेपी अपना परिणाम बेहतर कर सकती है, उन छोटे राज्यों में भी चुनाव कई चरणों में करवाया गया जैसे छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, आसाम।
- देश की आर्थिक राजधानी को जीतने हेतु ज्यादा जोर लगाया जा सके इसलिए मुंबई में चुनाव के चरण में कम से कम सिर्फ़ 49 सीटों को रखा गया।
- वाराणसी में मोदीजी के नामांकन के पश्चात मात्र 163 सीटों को भी तीन चरणों में बांटा गया ताकि मोदीजी अपने लाव लश्कर के साथ वाराणसी में डेरा डालकर डटे रह सके।
- कुल मिलाकर इस चुनाव को सात चरणों में इतना लंबा इसलिए किया गया ताकि मोदीजी को पूरे देश में घूम - घूमकर प्रचार करने का वक्त मिल जाए।
- लेकिन सात चरण का और इतने लंबे चुनाव का दांव ही बीजेपी को अब उल्टा पड़ रहा है। अखिलेश, तेजस्वी, ममता सभी को भी अपने अपने राज्य में प्रचार का मौका मिल गया लेकिन मोदीजी पूरे देश में अलग - अलग राज्यों के प्रचार में फंस गए। उन्हें अपनी पार्टी के अपमानित नेताओं वसुंधरा, शिवराज और रमनसिंह आदि का प्रचार में सहयोग नहीं मिला।
- पिछले विधानसभा चुनाव से बुजुर्गों हेतु शुरू की गई घर - घर वोटिंग प्रणाली इलेक्टोरल बॉन्ड की भांति सत्तारूढ़ पार्टी के पक्ष में मतदान करवाने के साथ - साथ घूमती फिरती ये मतपेटियां बहुत बड़े वोटाले को अंजाम देने में भी सहायक साबित हो सकती है।
- भारतीय शेयर मार्केट के ताज़ा रुझानों को देखते हुए देश में राजनीतिक अनिश्चितता की आहट महसूस हो रही है !
- इस बार के चुनाव नतीजे कुछ इस प्रकार हो सकते है--

04 JUNE 2024, 11: 00 PM
LOKSABHA ELECTION 2024
EXCLUSSIVE RESULTS
BIG BREAKING

| | |
|---|---|
| INDIA | 251 Seats(+/-10) |
| Votes | 39% (+/-2) |
| NDA | 251 Seats (+/-10) |
| BJP | 221 seats(+/-10) |
| Votes | 39%(+/-2) |
| OTHERS | 041(+/-05) |
| Votes | 21%(+/-2) |

(रातोंरात केंचुआ की हेराफेरी के पश्चात)

05 JUNE 2024, 6:00 AM
BIG BREACKING

| | |
|---|---|
| INDIA | (251 -10) = 241 |
| NDA | (251 +10) = 261 |
| BJP | (221+10) = 231 |
| OTHERS | 041 |

- इस बार ढ्ढहृष्ठढ्ढ 1/ह्य हृष्ठ में कांटे का मुकाबला होगा। मोदीजी को पहली बार गठबंधन की सरकार बनाना पड़ जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।
- साथ ही अगर सहयोगी साथियों ने धोखा दे दिया तो यह बाज़ी पलट भी सकती है।
- मुझे ये भी आशंका है कि बहुमत न मिलने पर भी ये तानाशाह किसी भी परिस्थिति में गद्दी छोड़ना नहीं चाहेंगे और वे कोई विक्टिम कार्ड खेलकर और अपने अंधभक्तों को उकसाकर राजनीतिक उपद्रव भी करवा सकते है।


## मनोवैज्ञानिक विश्लेषण

- मोदीजी की अंतिम इच्छा क्या है ?
- मोदीजी येन केन प्रकारेन 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर नेहरूजी की बराबरी करना चाहते है। साथ ही 2027 में मोदीजी अपने हमराज अमित शाह को अपना उत्तराधिकारी बनाकर स्वयं आजीवन राष्ट्रपति बनना चाहते है। तत्पश्चात ये गुजराती जोड़ी संविधान में व्यापक बदलाव करके भारत को रूस और चीन की तर्ज पर वन नेशन, वन इलेक्शन। वन नेशन, वन पार्टी और वन नेशन, वन लीडर की ओर बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन इनका ये मंसूबा पूरा नहीं होगा।
- लोकसभा चुनाव 2024 और मेरी आशंकाएं
- क्या जून में ही देश को नई सरकार और नए प्रधानमंत्री मिल पाएंगे ?
- मेरा दिल कहता है कि जिस प्रकार तमाम सबूतों के साथ ईवीएम गड़बड़ी के मामलों को फिर से सुप्रीम कोर्ट पहुंचाया गया है, सुप्रीम कोर्ट अपने पिछले फैसले को पलटते हुए VVPAT की पर्चियों की 100त्न गिनती का आदेश दे सकता है।
- ऐसा होते ही लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित करने में लगभग सप्ताहभर का विलंब हो सकता है।
- नतीजे काफ़ी विवादास्पद हो सकते है।
- चुनाव आयोग पूरी तरह एक्सपोज हो सकता है।
- चुनाव आयोग और वर्तमान सरकार को बर्खास्त किया जा सकता है और राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट अपनी एक कमेटी बनाकर उसकी निगरानी में दोबारा चुनाव भी करवा सकता है।
- जुलाई के अंत तक देश को नई सरकार और नया प्रधानमंत्री मिल सकते है।
- हालांकि मैं बिल्कुल नास्तिक हूं लेकिन मैं कुदरत के प्राकृतिक न्याय में भरोसा करती हूं इसलिए मेरा विश्वास है कि प्रकृति ही तानाशाही के प्रतिकूल परिस्थितियां निर्मित करेगी। हो सकता है जिन नेताओं ने अपनी पार्टी के दूसरे नेताओं के लिए 75 साल की आयु में राजनीतिक संन्यास का नियम बनाया था, प्रकृति उनकी आयु ही छीन ले। आखिर उन्होंने भी वैक्सीन तो लगाई हुई ही है !
- वर्ष 2024 की शुरुआत से ही आग लगने की घटनाओं में अचानक वृद्धि डंकापति की लंका लगने और राजनीतिक अराजकता का संकेत दे रही है।

# अमिताभ बच्चन के हमशक्ल बनने वाले Firoz Khan का निधन

### भाबीजी घर पर है सीरियल से खूब कमाई फेम





**इंदौर।** हाल ही में टीवी जगत से एक बेहद ही दुखद खबर सामने आ रही है। पॉपुलर एक्टर और मिमिक्री आर्टिस्ट फिरोज खान का निधन हो गया है। फिरोज कई सीरियल्स में काम कर चुके हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन के हमशक्ल बनकर भी उन्होंने खूब नाम कमाया। भाबी जी घर पर है और शक्तिमान जैसे सीरियल्स में भी फिरोज काम कर चुके हैं। वे पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश के बदाऊं में रह रहे थे। 23 मई को सुबह एक्टर ने बदाऊं में आखिरी सांस ली।

### कई टीवी सीरियल्स में कर चुके हैं काम

बताया जा रहा है कि फिरोज खान का निधन हार्ट अटैक से हुआ है। बदाऊं क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने इस बात की जानकारी दी है कि एक्टर 4 मई को मतदाता महोत्सव में परफॉर्मेंस देने गए थे। बता दें कि फिरोज ने छोटे पर्दे पर काफी नाम कमाया था। उन्हें कई कॉमेडी शोज में भी देखा गया। भाबी जी घर पर है, हप्पू की उलटन पलटन, साहिब बीवी और बॉस, शक्तिमान, जीजा छत पर है जैसे सीरियल्स से उन्हें फेम मिली। उन्होंने म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है। पॉपुलर सॉन्ग थोड़ी सी तू लिफ्ट करा दे में भी फिरोज खान, अदनान सामी के साथ नजर आए थे।

# शाहरुख खान हुए हीटवेव का शिकार, अस्पताल में होना पड़ा भर्ती



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के फैंस के लिए शॉकिंग न्यूज सामने आई है। एक्टर को अहमदाबाद के केडी अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनकी तबीयत खराब होने के कारण एडमिट कराया गया। हालांकि, प्राथमिक चिकित्सा के बाद शाहरुख को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। केडी हॉस्पिटल के डॉक्टरों के अनुसार, अभिनेता हीटवेव का शिकार हुए।

### केकेआर बनाम हैदराबाद

### मैच देखने पहुंचे थे अहमदाबाद

मंगलवार को अहमदाबाद में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच प्लेऑफ मैच खेला गया। जिसमें केकेआर ने जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। इस मैच को देखने शाहरुख खान अहमदाबाद पहुंचे थे। गर्मी अधिक होने के कारण उन्हें डीहाइड्रेशन हो गया। मैच के बाद वह देर रात टीम के साथ एक होटल पहुंचे थे।

### 22 मई को किया गया भर्ती

शाहरुख खान की बुधवार की सुबह तबीयत खराब हुई। जिसके बाद उन्हें दोपहर को केडी अस्पताल ले जाया गया। प्राइमेरी ट्रीटमेंट के बाद एक्टर को छुट्टी मिल गई। अब शाहरुख की तबीयत बेहतर बताई जा रही है। डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। बता दें अहमदाबाद में तापमान 45 डिग्री के पास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। लोगों को घर पर रहने और हाइड्रेट करते रहने की सलाह दी है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान आखिरी बार राजकुमार हिरानी की फिल्म %डंकी% में नजर आए थे। उससे पहले पिछले साल %पठान% और %जवान% जैसी सुपरहिट मूवीज ने बॉक्स ऑफिस पर धाक जमाई थी।

# बॉलीवुड की इन फिल्मों पर बन चुके हैं टीवी सीरियल




**इंदौर।** बी आर चोपड़ा द्वारा निर्मित टीवी शो महाभारत जमकर लोकप्रिय हुआ था। साल 1991 में आया यह शो कोविड के दौरान लॉकडाउन में एक बार फिर टीवी पर स्ट्रीम किया गया था। इस तरह एक बार फिर लोगों ने शो को जमकर पसंद किया। बी आर चोपड़ा एक बेहतरीन फिल्म निर्माता थे। लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा फेम %महाभारत% सीरियल के निर्माता के तौर पर ही मिली। लेकिन महाभारत ही नहीं, बी आर चोपड़ा ने ऐसे सीरियल का निर्माण किया है, जो बॉलीवुड फिल्मों पर बेस्ड हैं। उन्होंने ही बॉलीवुड फिल्म से सीरियल बनाने का सिलसिला शुरू किया था। इसके बाद से ऐसे कई सीरियल बने जो फिल्मों से लिए गए आइडिया पर बेस्ड हैं। आज हम आपके लिए उनकी लिस्ट लेकर आए हैं।

### कामिनी-दामिनी

महाभारत जैसा शानदार शो बनाने के बाद साल 2004 में बी आर चोपड़ा ने %कामिनी-दामिनी% नाम के शो का निर्माण किया था। यह शो फिल्म सीता और गीता की कहानी पर बेस्ड था। इसमें हेमा मालिनी को ही लीड रोल में लिया गया था। यह शो सहारा वन पर ऑनएयर होता था। इस सीरियल में अनुराग देसाई, शशि शर्मा, धर्मेश तिवारी, राजेश पूरी, सुदेश बेरी, हृषिकेश पांडे जैसे सितारे अहम रोल में नजर आए थे।

### जमाई राजा




साल 2014 में जी टीवी पर ऑनएयर किया गया शो %जमाई राजा% भी फिल्म जमाई राजा की कहानी पर बेस्ड था। इस फिल्म में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित लीड रोल में नजर आए थे। %जमाई राजा% फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी और गानों को काफी पसंद किया गया था। वहीं, इस पर बने शो में निया शर्मा और रवि दुबे अहम किरदारों में नजर आए थे।

### दिल से दिल तक

साल 2017 में कलर्स टीवी पर ऑनएयर हुआ शो %दिल से दिल तक% फिल्म %चोरी-चोरी चुपके-चुपके% फिल्म की कहानी पर बेस्ड है। यह फिल्म साल 2001 में रिलीज हुई थी। फिल्म में सलमान खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी लीड रोल में नजर आए थे। वहीं, इस पर बेस्ड शो में रश्मि देसाई, सिद्धार्थ शुक्ला और जैस्मिन भसीन अहम रोल में थे।

### परदेस में है मेरा दिल


साल 2016 में ऑनएयर हुआ शो %परदेस में है मेरा दिल% फिल्म %परदेस% की कहानी पर बेस्ड है। इस फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी लीड रोल में नजर आए थे। वहीं, इस शो की बात करें, तो इसमें दृष्टि धामी और अर्जुन बिजलानी अहम रोल में थे। शो और फिल्म दोनों को ही दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

### बढ़ो बहू

साल 2016 में एंड टीवी पर ऑनएयर हुआ शो %बढ़ो बहू% फिल्म %दम लगा के हईशा% फिल्म की कहानी पर आधारित था। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी, जिसमें आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर लीड रोल में नजर आए थे। वहीं, शो में प्रिंस नरूला और रिताशा राठौर अहम रोल में थे। फिल्म और शो की कहानी बेहद ही दिलचस्प है।



# अनुष्का की तरह कैटरीना कैफ ने भी सीक्रेट रखी प्रेग्नेंसी?



**इंदौर।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर इस समय खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने इसी साल फरवरी में यह अनाउंस किया था कि वे जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। सितंबर में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण अपने पहले बच्चे का स्वागत करेंगे। वहीं, कैटरीना कैफ और विक्की कौशल भी पेरेंट्स बनने को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कैटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी को लेकर अंदाजा लगाया जा रहा था। फैंस कमेंट कर तरह-तरह के सवाल कर रहे थे। सोशल मीडिया पर कैटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की खबर जमकर वायरल हुई। सामने आए सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि वे विक्की कौशल के साथ विदेश की सड़कों पर पति के साथ वॉक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस का बेबी बंप दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि कैटरीना जल्द ही अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के बाद अब ʻश्शद्ब की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस सच में प्रेग्नेंट हैं। एक सूत्र ने यह कहा है कि अगर सब कुछ ठीक रहा, तो कैटरीना और विक्की यूके में अपने पहले बच्चे का वेलकम करेंगे।

# द फैमिली मैन सीजन 3 की कहानी में आया बड़ा ट्विस्ट, इस एक्टर का कटा पत्ता



इंदौर।ओटीटी की फेमस वेब सीरीज द फैमिली मैन को दर्शकों का काफी प्यार मिला है। इस सीरीज के अब तक दो सीजन आ चुके हैं और ये दोनों ही सीजन सुपरहिट साबित हुए। मनोज बाजपेयी की सबसे हिट सीरीज में से एक मानी जाती है द फैमिली मैन। वहीं, अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। पिछले काफी समय से इसे लेकर चर्चा हो रही है। वहीं, अब खबरें आ रही हैं कि यह सीजन ट्विस्ट से भरा होगा। हाल ही में इस बात का खुलासा किया गया है। दरअसल, %द फैमिली मैन सीजन 3% में एक्टर शरद केलकर नजर नहीं आएंगे। इस बात का खुलासा उन्होंने खुद किया है।

# एयर इंडिया जल्द ही अपने कर्मचारियों को देगा सौगात, सैलरी बढ़ाने के साथ बोनस देने की घोषणा




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ ही बोनस देने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि घाटे में चल रही एयर इंडिया को 2 साल पहले टाटा ग्रुप ने अपने नियंत्रण में लिया था और इसके बाद पहली बार पहली बार कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी का ऐलान किया गया है।

## मिल सकता है अच्छा बोनस

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एयर इंडिया के ष्टश्वह्र रविंद्र कुमार ने 1 अप्रैल, 2024 से कर्मचारियों के लिए वेतन वृद्धि का ऐलान किया है। इसके अलावा कंपनी और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बोनस भुगतान की भी घोषणा की। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि एयर इंडिया पायलटों के निर्धारित मासिक वेतन में 5,000 से 15,000 रुपए तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके अलावा कर्मचारियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर 42,000 रुपए से लेकर 1.8 लाख रुपए तक का वार्षिक बोनस मिल सकता है।

## एयर इंडिया में 18,000 कर्मचारी

गौरतलब है कि एयर इंडिया में फिलहाल करीब 18000 कर्मचारी हैं। एयर इंडिया के ष्टश्वह्र रविंद्र कुमार ने कहा कि एयरलाइन ने ग्राउंड स्टाफ, केबिन क्रू और पायलटों सहित 31 दिसंबर, 2023 से पहले शामिल हुए सभी कर्मचारियों के लिए वार्षिक मूल्यांकन का काम शुरु कर दिया है और मूल्यांकन नए प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली पर आधारित हैं। रविंद्र कुमार ने बताया कि बीते वित्तीय वर्ष में एयरलाइन ने विकास और परिवर्तन के लिए मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की थी।

# पति-पत्नी नहीं बच्चों को मिल सकता है 25 साल तक पेंशन का लाभ, जानिए कैसे उठा सकते हैं फायदा



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारियों के लिए पेंशन स्कीम चलाता है। जिसे ईपीएस 1995 कहा जाता है। पेंशन योजना बहुत लाभकारी है। यह मुश्किल वक्त में कर्मचारी और उसके परिवार को आर्थिक रूप से मदद करती है। यदि ईपीएफओ में निवेश करने वाले सब्सक्राइबर की मौत हो जाती है, तो उसके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ता है। इस योजना के तहत कर्मचारी के देहांत होने पर परिवार को लाभ मिलते हैं।

## ईपीएफओ सदस्य के बच्चों को मिलती है पेंशन

अगर किसी पेंशनभोगी का निधन हो जाता है, तो उनकी पेंशन का 50 फीसदी उनकी पति/पत्नी को दिया जाता है। ईपीएस 1995 योजना के तहत कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर नॉमिनी को न्यूनतम एक हजार रुपये प्रति महीने पेंशन दी जाती है। इसके अलावा मृतक के बच्चों को भी 25 साल की उम्र तक पेंशन का लाभ मिलता है। जिसे बाल पेंशन योजना कहा जाता है। आइए जानते हैं इसके बारे में। ईपीएफओ के किसी सदस्य के निधन होने पर उसके पति या पत्नी को पेंशन मिलती है। साथ ही उनके बच्चे भी पेंशन पाने के हकदार हैं। यह पेंशन उन्हें 25 साल की आयु तक मिलती है। बाल पेंशन की राशि विधवा पेंशन की राशि का 25 फीसदी है। अगर मृतक की पति/पत्नी को एक हजार रुपये पेंशन मिलती है, तो उनके बच्चे को 250 रुपये पेंशन मिलेगी। प्रत्येक सदस्य के अधिकतम दो बच्चों को पेंशन मिल सकती है। अगर कर्मचारी का बच्चा अपंग है तो उसे आजीवन पेंशन का लाभ दिया जाता है।

## बाल पेंशन योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया

बच्चों की पेंशन के लिए आवेदन करने के लिए सदस्य के परिवार को ईपीएफओ कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जमा करने होते हैं। इसमें कर्मचारी की मृत्यु प्रमाण पत्र, बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक डॉक्यूमेंट्स शामिल होते हैं।

## कर्मचारी पेंशन योजना की विशेषताएं

- ईपीएस के तहत नियोक्ता अपने योगदान का एक हिस्सा (वर्तमान में 8.33त्र) कर्मचारी के पेंशन खाते में जमा करते हैं।
- कर्मचारी को ईपीएस का लाभ पाने के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पूरी करनी होती है।
- कर्मचारी की उम्र 58 वर्ष

# ऑल टाइम हाई से नीचे गिरा सोना, 90 हजार से कम हुई चांदी की कीमत



**इंदौर।** भारतीय सर्राफा बाजार में 23 मई 2024 को सोने के भाव में बहुत कमी देखी गई। सोने का भाव अपने ऑल टाइम हाई से नीचे पहुंच गया है। अब सोने की कीमत 72791 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 22 मई 2024 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 1289 रुपये की तेजी आई है। चांदी के भाव में भी कमी देखी गई है। चांदी का भाव अपने ऑल टाइम हाई 89410 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्टीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 22 मई से 3476 रुपये की तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 22 मई की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 74080 रुपये थी। 23 मई को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 72791 रुपये हो गई है। 22 मई की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 92886 रुपये थी। 23 मई को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 89410 रुपये हो गई है। 23 मई को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 72500 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 66677 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 54593 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 42583 रुपये हो गई है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर आज इन राज्यों में बैंक में नहीं होगा काम




इंदौर। आज बुद्ध पूर्णिमा पर्व है और यह त्योहार हिंदुओं के साथ-साथ बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए भी काफी महत्व का है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की बैंक हॉलिडे लिस्ट के अनुसार, 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। यदि आपको भी बैंक से संबंधित जरूरी काम है तो RBI की बैंक हॉलिडे लिस्ट जरूर चेक कर लेना चाहिए। 23 मई को इन राज्यों में बंद रहेंगे बैंक (Bank Holidays wx May w®wy) RBI के बैंक हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक, आज बुद्ध पूर्णिमा पर त्रिपुरा, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, उत्तराखंड, मिजोरम, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू, नई दिल्ली, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और श्रीनगर में बैंक बंद रहेंगे।

## 25 मई को भी बैंक की छुट्टी

इसके बाद 25 मई को भी नजरूल जयंती और लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान होगा। इसलिए कुछ राज्यों में 25 मई को भी बैंक अवकाश रहेगा। वहीं 26 मई को रविवार होने के कारण बैंक अवकाश रहेगा। ऐसे में यदि आपको बैंक से जुड़े कोई जरूरी काम है तो ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए ही करना होगा। हालांकि आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंफाल, जयपुर, कोच्चि,कोहिमा,पणजी,रायपुर, शिलांग,तिरुवनंतपुरम के बैंक खुले रहेंगे। इन शहरों में बुद्ध पूर्णिमा पर बैंक अवकाश नहीं रहेगा।

# भारतीय रिजर्व बैंक भरेगा सरकारी खजाना, केंद्र को देगा 2.11 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के डिविडेंड को मंजूरी दी। जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में आरबीआई द्वारा भुगतान की गई राशि के दोगुना है। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

## 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी

आरबीआई ने कहा कि बोर्ड ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 2,10,874 करोड़ रुपये के हस्तांतरण को मंजूरी दी है। आरबीआई ने 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक विकास में पुनरुद्धार के साथ आकस्मिक जोखिम बफर को बढ़ाकर 6 प्रतिशत कर दिया था। बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरबी को 6.50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लिया है। मोदी सरकार की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटा, व्यय और राजस्व के बीच का अंतर 17.34 लाख करोड़ रुपये रखने की है। बजट 2024-25 में सरकार ने ञ्चक्चढ्ढ और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से 1.02 लाख करोड़ रुपये के लाभांश आय का अनुमान लगाया था। रिजर्व बैंक बोर्ड ने वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। बोर्ड ने 2023-24 के दौरान आरबीआई ने कामकाज पर चर्चा की। पिछले वित्तीय वर्ष के लिए इसकी सालाना रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को मंजूरी दी। रिजर्व बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2018-19 और 2021-22 के दौरान मौजूदा व्यापक आर्थिक स्थितियों और कोविड-19 प्रकोप के कारण बोर्ड ने आकस्मिक जोखिम बफर को 5.50 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया था। बैंक ने कहा, बिमल जालान की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार 2023-24 के लिए हस्तांतरणीय अधिशेष की गणना अगस्त 2019 में अपनाए गए ईसीएफ के आधार पर तय की गई है।




# इन किसानों को नहीं मिलेगी पीएम किसान की 17वीं किस्त




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही स्कीम है। ये योजना किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए शुरू की गई है। पीएम किसान स्कीम के तहत कृषकों को सालना छह हजार रुपये मिलते हैं। अब लाभार्थियों को 17वीं किस्त का इंतजार है। पीएम किसान योजना के तहत किसानों को हर चार महीनों में दो हजार रुपये मिलते हैं। यह पैसा पैसा तीन किश्तों में अप्रैल-जुलाई, अगस्त- नवंबर और दिसंबर और मार्च में दिया जाता है। राशि किसानों के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जून में जारी हो सकती है। हालांकि, भारत सरकार की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पीएम किसान स्कीम की 16वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2024 में जारी की थी।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)